वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 2 अगस्त 2023

-: प्रेस विज्ञप्ति:-

वरिष्ठ प्रचारक स्व. मदनदास देवी जी की अस्थियां हरिद्वार में हुईं विसर्जित।

हरिद्वार में श्रद्धेय मदनदास देवी जी की स्मृति में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा।

आज बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह-सरकार्यवाह व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रद्धेय मदनदास देवी जी की श्रद्धांजलि सभा हरिद्वार के 'श्रीकृष्ण कृपाधाम आश्रम' में आयोजित हुई, जहां उत्तराखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तराखंड प्रांत प्रचारक डॉ शैलेंद्र, अभाविप के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री श्री प्रफुल्ल आकांत, भाजपा के प्रधान कार्यालय प्रमुख व अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्री महेन्द्र पांडेय, उत्तराखंड सरकार में मंत्रीगण श्री धन सिंह रावत, श्री सतपाल महाराज, श्री प्रेमचंद अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख श्री पद्म सिंह, दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक अध्यक्ष श्री आशीष गौतम, अभाविप उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ ममता सिंह, अभाविप उत्तराखंड प्रदेश मंत्री रितांशु कंडारी, महामंडलेश्वर हरि चेतनानंद सहित उपस्थित समाज के गणमान्य नागरिकों तथा कार्यकर्ताओं ने प्रार्थना कर उनकी आत्मा की सद्गति हेतु प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि सभा के उपरांत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान ने स्व. मदनदास देवी जी की अस्थियां हरिद्वार के ब्रह्मकुंड घाट पर मोक्षदायिनी मां गंगा जी में प्रवाहित कीं। गत् 24 जुलाई को वरिष्ठ प्रचारक स्वर्गीय मदनदास देवी जी का बंगलुरु में शरीर शांत हुआ था तथा उनका अंतिम संस्कार महाराष्ट्र के पुणे में हुआ। स्व. मदनदास देवी जी ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री के रूप में संगठन के अखिल भारतीय विस्तार तथा बहुआयामी सकारात्मक दिशा देने में महती भूमिका निभाई। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उपरांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में अखिल भारतीय सह-प्रचारक प्रमुख तथा सह-सरकार्यवाह जैसे गुरूतर दायित्वों का निर्वहन किया।

हरिद्वार में श्रद्धेय मदनदास देवी जी की श्रद्धांजलि सभा में उत्तराखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, "स्व. मदनदास देवी जी से जीवन में विभिन्न अवसरों पर सीखने को मिला। मैं कामना करता हूं कि श्रद्धेय मदनदास देवी जी जैसे व्यक्तित्व भारत देश में आगे भी जन्म लें, स्व. मदनदास देवी जी के जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र एवं समाज को समर्पित रहा। उनके व्यक्तित्व की ऊष्मा से कार्यकर्ताओं में जो निखार आया है, वह आज समाज के प्रत्येक क्षेत्र में देखने को मिलता है।"

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री श्री प्रफुल्ल आकांत जी ने श्रद्धांजलि सभा में कहा कि, "कार्यकर्ता एवं कार्य पद्धति कैसी होनी चाहिए-यह स्व. मदनदास देवी जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व से सीखा जा सकता है। प्रत्येक कार्यकर्ता की चिंता करना, उनका सहज भाव था। आज भले ही इस पुण्य भूमि में वे शारीरिक रूप से नहीं हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व-उनका कृतित्व सदा-सर्वदा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते रहेंगे।"

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तराखंड प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र ने कहा कि, "अपने विभिन्न प्रवासों में मदनदास देवी जी बहुत सहजता व सरलता से मिलते हुए भविष्य के संदर्भ में सार्थक चर्चा करते थे। उनका एक ही भाव था कि राष्ट्र सर्वशक्तिमान हो परम वैभव तक कैसे पहुंच सकता है।राष्ट्र पुनर्निर्माण निमित्त उनका सम्पूर्ण जीवनकाल कार्यकर्ताओं के समुचित मार्गदर्शन को समर्पित रहा।"

अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्री महेंद्र पांडेय ने हरिद्वार श्रद्धांजलि सभा में स्व. मदनदास देवी जी के कार्यकर्ता स्नेह भाव से जुड़ी एक घटना को साझा करते हुए बताया कि स्व. मदनदास देवी जी की स्नेह ऊर्जा कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रेरित करती थी तथा वे कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में सक्रिय रूप से सहभागी होते थे।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)